प्रेसनोट, दिनांक 23.08.2025
थाना अजगैन, जनपद उन्नाव ।

# पति की हत्या की आरोपित पत्नी व पुत्री गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस द्वारा पति की हत्या की आरोपित पत्नी व पुत्री को मय आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया गया**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 21.08.2025 को थाना अजगैन क्षेत्र के ग्राम सिंघनापुर में राजेश उर्फ कल्लू पासी पुत्र स्व0 भवानी निवासी सिंघनापुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र करीब 46 वर्ष का शव मिलने की सूचना पर थाना अजगैन पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया जिसमें मृत्यु का कारण गला दबाने से पाया गया था। वादी श्री सन्तोष बाबू पुत्र स्व0 राम स्वरूप (मृतक के ममेरे भाई) नि0 ग्राम घोला दुलार मऊ थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना अजगैन पर मु0अ0सं0 341/2025 धारा 103(1) BNS बनाम कामिनी पत्नी कल्लू पासी व पुत्री काजल पंजीकृत कर घटना का सफल अनावरण करते हुए दिनांक 22.08.2025 को उ0नि0 श्री मोरमुकुट पाण्डेय मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्ता 1.कामिनी उम्र करीब 45 वर्ष पत्नी राजेश उर्फ कल्लू 2.काजल पुत्री राजेश उर्फ कल्लू निवासीगण सिंघनापुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र करीब 20 वर्ष को हिरासत में लेकर पूँछताछ की गयी तो अभियुक्तागण द्वारा बताया गया कि हमारा कई सालों से आपस में मन मुटाव चल रहा था जिस कारण हमने राजेश की हत्या साडी से गला दबाकर कर दी तथा दोनो अभियुक्ताओ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**नाम पता अभियुक्तागण-**

1.कामिनी उम्र करीब 45 वर्ष पत्नी राजेश उर्फ कल्लू निवासी सिंघनापुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव ।

2.काजल उम्र करीब 20 वर्ष पुत्री राजेश उर्फ कल्लू निवासी सिंघनापुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव ।

**बरामदगी-**

आला कत्ल साड़ी का टुकडा

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1.वरि0उ0नि0 श्री मोर मुकुट पाण्डेय

2.म0का0 श्रुति मिश्रा

3.म0का0 गुडिया



प्रेसनोट, दिनांक 23.08.2025
थाना सफीपुर, जनपद उन्नाव ।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 21.08.2025 को वादिनी की तहरीर पर थाना सफीपुर पर मु0अ0सं0 365/2025 धारा 333/69 BNS पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में दिनांक 22.08.2025 को थानाध्यक्ष सुब्रत नारायण मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्त वकार पुत्र जुल्फिकार अली निवासी ग्राम फत्तेपुर हमजा थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 21 वर्ष को हरदोई उन्नाव मार्ग से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**नाम पता अभियुक्त-**

वकार पुत्र जुल्फिकार अली निवासी ग्राम फत्तेपुर हमजा थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 21 वर्ष

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

थानाध्यक्ष सुब्रत नारायण
उ0नि0 अनिल कुमार राजपूत
हे0का0 राजीव कुमार
का0 देवेश कुमार



प्रेसनोट, दिनांक 23.08.2025
थाना सफीपुर, जनपद उन्नाव ।

## हत्या के प्रयास के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सफीपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के दो वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 22.08.2025 को वादी राकेश कुमार पुत्र रामकुमार नि०मो० सरायजामी कस्बा व थाना सफीपुर जनपद उन्नाव ने थाना सफीपुर तहरीर दी कि दिनांक 21.08.2025 को प्रार्थी घर बाग के आस पास टहल रहा था तभी एहसान अली उर्फ अजय व उसका भाई अली खान उर्फ राजा पुत्रगण अजमेरी अपने साथी शाकिर अली पुत्र शौकत नि०मो० सराय जामी जोगियाना कस्बा व थाना सफीपुर उन्नाव के साथ आकर मुझे घेर लिया और प्रार्थी से रंगदारी के 50000-/ रूपये मांगने लगे मैने मना किया तो एहसान अली उर्फ अजय कट्टा निकाल कर प्रार्थी पर फायर कर दिया तथा पहले भी डरा धमकाकर 20000-/ रूपये ले चुके है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सफीपुर पर मु0अ0सं0 366/2025 धारा 190/191(2)/191(3)/126(2)/333/308(5)/109/352/351 (3) BNS व 3(2)V SC/ST एक्ट पंजीकृत किया गया। दिनांक 22.08.2025 को उ0नि0 श्री संजय कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्तगण 1. एहसान अली उर्फ अजय उर्फ ईदुल हसन पुत्र अजमेरी उम्र करीब 30 वर्ष नि0मो0 जामी सराय कस्बा व थाना सफीपुर जनपद उन्नाव 2.अलीखान उर्फ राजा पुत्र अजमेरी उम्र करीब 25 वर्ष नि0मो0 जामी सराय कस्बा व थाना सफीपुर,उन्नाव को मादी खेड़ा तिराहा सफीपुर हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**नाम पता अभियुक्तगण-**

1. एहसान अली उर्फ अजय उर्फ ईदुल हसन पुत्र अजमेरी उम्र करीब 30 वर्ष नि0मो0 जामी सराय कस्बा व थाना सफीपुर जनपद उन्नाव
2.अलीखान उर्फ राजा पुत्र अजमेरी उम्र करीब 25 वर्ष नि0मो0 जामी सराय कस्बा व थाना सफीपुर,उन्नाव

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

उ0नि0 संजय कुमार पाण्डेय

का0 समरबहादुर

का0 राघवेन्द्र गुर्जर

